# Hindi / हिंदी – Disney Terms of Use



**उपयोग की शर्तें**

पिछलाअद्यतन10जुलाई, 2014

Disney Interactive को आपको अपनी साइटें, सॉफ्टवेयर, ऐप्लिकेशन, सामग्री, उत्पाद और सेवाएं (Disney सेवाएं") प्रदान करने में हर्ष है, जिनमें Disney, ABC, ESPN , Marvel , Lucasfilm, Club Penguin, Playdom या The Walt DisneyCompany के स्वामित्व वाले या उसके द्वारा लाइसेंस प्राप्त अन्य ब्रांड हो सकते हैं। यदि Disney सेवाओं के आपके उपयोग के सम्बन्ध में इन शर्तों का खुलासा किया जाता है तो ये शर्तें Disney सेवाओं के साथ-साथ उन Disney सेवाओं के हमारे प्रावधान और आपके उपयोग को नियंत्रित करती हैं जिसके आधार पर इन शर्तों को प्रकाशित किया गया है जिन्हें हम तीसरे पक्ष की साइटों और मंचों पर उपलब्ध कराते हैं। Disney सेवाओं का इस्तेमाल करने से पहले कृपया इन शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

आपके और हमारे बीच किसी भी विवाद को व्यक्तिगत बाध्यकारी विवाचन द्वारा सुलझाया जाना चाहिए। कृपया इन शर्तों में मध्यस्थता प्रावधान को पढ़ लें क्योंकि यह इस अनुबंध के अंतर्गत आपके अधिकारों को प्रभावित करता है।

इन शर्तों में निहित किसी भी बात का उद्देश्य आपके सामान्य निवास स्थल में क़ानून के तहत आपके अधिकारों को प्रभावित करना नहीं है। उन अधिकारों और इन शर्तों में कोई मतभिन्नता होने पर लागू स्थानीय क़ानून के तहत आपके अधिकार प्रभावी होंगे।

**1. आपके और हमारे बीच अनुबंध**

यह आपके और Disney Interactive, 500 South Buena Vista Street, Burbank, California 91521, USADisney में स्थित एक कैलिफोर्निया कॉर्पोरेशन, के बीच, या यदि भिन्न हो तो, आपके और एक विशिष्ट Disney सेवा के लिए निर्धारित सेवा प्रदाता के बीच एक अनुबंध है। Disney सेवाओं का इस्तेमाल करने से पहले आपको इन शर्तों को पढ़ लेना और उनसे सहमत होना चाहिए। यदि आप सहमत नहीं हैं तो आप Disney सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। ये शर्तें उस सीमित आधार का वर्णन करती हैं जिस पर Disney सेवाएं उपलब्ध हैं और पूर्व समझौतों या व्यवस्थाओं की जगह लेती हैं।

कुछ Disney सेवाओं पर पूरक नियम एवं शर्तें लागू हो सकती हैं, जैसे एक विशेष प्रतिस्पर्धा, सेवा या अन्य क्रियाकलाप के लिए नियम, या शर्तें जो Disney सेवाओं के माध्यम से सुलभ कुछ सामग्रियों या सॉफ्टवेयर के साथ हो सकती हैं। लागू प्रतिस्पर्धा, सेवा या क्रियाकलाप के सम्बन्ध में पूरक नियमों एवं शर्तों का खुलासा आपके सम्मुख किया जाएगा। कोई भी पूरक नियम एवं शर्तें इन शर्तों के अतिरिक्त हैं, और मतभिन्नता की स्थिति में इन शर्तों पर अभिभावी होती हैं।

हम इन शर्तों में संशोधन कर सकते हैं। ऐसा कोई भी संशोधन आपको नोटिस भेजने या Disney सेवाओं पर संशोधन को हमारे द्वारा प्रकाशित किए जाने के तीस (30) दिनों के बाद प्रभावी होगा। यदि आप इन शर्तों में होने वाले किसी परिवर्तन से सहमत नहीं हैं, तो आपको Disney सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों को मौखिक रूप से या लिखित रूप में इन शर्तों के किसी प्रावधान को संशोधित करने का अधिकार नहीं हैं।

यदि आप इन शर्तों के किसी प्रावधान का पालन करने में विफल हो जाते हैं तो हम आपके साथ इस अनुबंध को (Disney सेवाओं में आपकी पहुँच सहित) तुरंत समाप्त कर सकते हैं।

## 2. Disney सेवाएं

Disney सेवाएं आपके निजी, गैर वाणिज्यिक उपयोग के लिए हैं और केवल सूचना और मनोरंजन प्रयोजनों के लिए ही हैं। इनमें कानूनी, वित्तीय, पेशेवर, चिकित्सीय या स्वास्थ्य देखभाल सलाह या रोग निदान शामिल नहीं हैं और इन्हें ऐसे प्रयोजनों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। विस्तृत भौगोलिक क्षेत्रों में Disney सेवाओं के सुचारू संचालन में मदद करने के लिए, विलम्ब से बचने के लिए गेम प्ले जैसे कुछ क्रियाकलापों के पहलुओं की **नक़ल** की जा सकती है।

Disney सेवाएं हमारी कॉपीराइट वाली संपत्ति या हमारे लाइसेंस प्रदाताओं या लाइसेंस प्राप्तकर्ताओं की कॉपीराइट वाली संपत्ति है और Disney सेवाओं में सभी ट्रेडमार्क, सेवा चिह्न, व्यापारिक नाम, व्यापारिक परिधान और अन्य बौद्धिक संपत्ति पर हमारा या हमारे लाइसेंस प्रदाताओं या लाइसेंस प्राप्तकर्ताओं का स्वामित्व है। लिखित रूप में हमारे द्वारा विशिष्ट रूप से सहमत होने को छोड़कर, आपको प्रदान की जाने वाली Disney सेवाओं के हिस्से के अलावा अन्य किसी भी तरह से Disney सेवाओं के किसी भी तत्व का इस्तेमाल या उपयोग नहीं किया जा सकता है। आपका उस भौतिक मीडिया पर स्वामित्व हो सकता है जिस पर Disney सेवाओं के तत्वों को आपको सुपुर्द किया गया है, लेकिन हम Disney सेवाओं के समस्त और सम्पूर्ण स्वामित्व को बनाये रखते हैं। हम Disney सेवाओं के किसी भी हिस्से का शीर्षक आपको हस्तांतरित नहीं करते हैं।

सामग्री और सॉफ्टवेयर लाइसेंस

यदि किसी Disney सेवा की संरचना हमारे स्वामित्व वाले या हमारे द्वारा लाइसेंस के तहत दिये जाने वाले सॉफ्टवेयर, सामग्री, आभासी वस्तुओं या अन्य सामग्रियों के उपयोग को सक्षम करने के लिए की जाती है तो हम आपको केवल आपके निजी, गैर वाणिज्यिक उपयोग के लिए ऐसे सॉफ्टवेयर, सामग्री, आभासी वस्तु या अन्य सामग्री तक पहुँच और इस्तेमाल के लिए एक सीमित, गैर पृथक, उप लाइसेंस प्रदान करने में अक्षम, गैर स्थानांतरणीय लाइसेंस प्रदान करते हैं।

आप Disney सेवा के साथ इस्तेमाल की जाने वाली किसी सामग्री संरक्षण प्रणाली या डिजिटल अधिकार प्रबंधन प्रौद्योगिकी में कोई गतिरोध पैदा नहीं कर सकते या उसे अक्षम नहीं कर सकते हैं; किसी Disney सेवा को एक मानव पठनीय रूप में विघटित, रिवर्स इंजीनियर, विच्छेदित या किसी अन्य प्रकार से कम नहीं कर सकते हैं; पहचान, कॉपीराइट या अन्य मालिकाना नोटिस को हटा नहीं सकते हैं; या किसी Disney सेवा को गैर कानूनी या अनधिकृत तरीके से या किसी ऐसे तरीके से पहुँच या इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं जो हमारे उत्पादों, सेवाओं या ब्रांडों के साथ संबंधित होने का सुझाव देता हो। आप संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्यात नियंत्रण और आर्थिक मंजूरी से संबंधित अपेक्षाओं का उल्लंघन करते हुए किसी Disney सेवा तक पहुँच या उसे इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। Disney सेवाओं के माध्यम से सेवाओं, सामग्री या सॉफ्टवेयर को प्राप्त करके, आप प्रतिनिधित्व करते हैं और आश्वासन देते हैं कि सेवाओं, सामग्री, या सॉफ्टवेयर तक आपकी पहुँच और उनका उपयोग उन आवश्यकताओं के साथ अनुपालन में होगा।

अस्वीकरण और दायित्व पर सीमा

Disney सेवाएं "जैसी है" और "जिस तरह उपलब्ध है" प्रदान की जाती हैं। हम इन शर्तों में प्रकट रूप से स्थापित न की गयी सभी शर्तों, प्रतिनिधित्वों और वारंटियों को अस्वीकार करते हैं।

हमें किसी तरह के नुकसान की संभाव्यता के बारे में बताये जाने के बावजूद हम खोए हुए लाभ और संपत्ति की क्षति सहित अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, विशिष्ट या परिणामी नुकसान के लिए आपके प्रति जवाबदेह नहीं होंगे और न ही हमारे उचित नियंत्रण के परे कारणों के परिणामस्वरूप प्रदर्शन में होने वाली देरी या विफलता के लिए हमें जिम्मेदार ठहराया जाएगा। किसी भी हालत में सभी क्षतियों, हानियों, और कार्रवाई के कारणों के लिए आपके प्रति हमारा कुल दायित्व एक हजार यू.एस. डॉलर (1000 यूएस डॉलर) से अधिक नहीं होगा।

ये डिस्क्लेमर या अस्वीकरण और परिसीमन एक उपभोक्ता के रूप में आपके अधिकारों को प्रभावित नहीं करते हैं या ऐसे किसी दायित्व को सीमित करने की कोशिश नहीं करते हैं जिसे आपके सामान्य निवास स्थल में क़ानून के तहत छोड़ा नहीं जा सकता है।

Disney सेवाओं में परिवर्तन

Disney सेवाएं लगातार विकसित हो रही हैं और समय के साथ इनमें परिवर्तन होगा। यदि हम Disney सेवाओं में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन करते हैं तो हम आपको उसकी उचित सूचना देंगे और आपको इस अनुबंध को समाप्त करने का हक होगा।

Disney सेवाओं के उपयोग पर अतिरिक्त प्रतिबंध

हम लोग Disney सेवाओं के उन उपयोगों की अनुमति नहीं देते हैं जो वाणिज्यिक या व्यवसाय से संबंधित होते हैं, या जो उत्पादों या सेवाओं को बेचने के लिए (चाहे लाभ के लिए हो या न हो) विज्ञापन देते हैं या पेशकश करते हों, या जो दूसरों से निवेदन (योगदान या चंदा देने के निवेदनों समेत) करते हों। आप इस बात से सहमत हैं कि आप जानबूझकर या लापरवाही से कोई वायरस या अन्य हानिकारक संघटक प्रस्तुत नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से Disney सेवा या उससे जुड़े नेटवर्क के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे, उसे नहीं बिगाड़ेंगे, या कोई नुकसान नहीं करेंगे या किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा किसी भी Disney सेवा के उपयोग या मनोरंजन में बाधा नहीं डालेंगे। आप इस बात से सहमत हैं कि आप किसी सॉफ्टवेयर या उपकरण का इस्तेमाल नहीं करेंगे जो स्वचालित गेमप्ले, त्वरित गेमप्ले, या गेमप्ले या गेम क्लाइंट के साथ कोई जोड़-तोड़ करने की अनुमति देता हो और आप इस बात से भी सहमत हैं कि किसी उपयोगकर्ता के ऊपर किसी दूसरे उपयोगकर्ता के लाभ के लिए आप Disney सेवा या गेम अनुभव के साथ कोई धोखा नहीं करेंगे या उसे किसी अन्य प्रकार से संशोधित नहीं करेंगे। इसके अलावा, आप इस बात से भी सहमत हैं कि आप हमारी प्रकट लिखित अनुमति के बिना किसी रोबोट, स्पाइडर, स्क्रेपर या अन्य स्वचालित साधन या हस्तचालित प्रक्रिया का इस्तेमाल करके Disney सेवाओं के किसी तत्व तक पहुँच, निगरानी या नकल, या अन्य किसी व्यक्ति या संस्था को पहुँच, निगरानी या नकल करने की अनुमति प्रदान नहीं करेंगे।

तृतीय पक्षीय सेवाएं और सामग्री

Disney सेवाएं तृतीय पक्षीय सेवाओं और सामग्री में एकीकृत हो सकती हैं, एकीकृत की जा सकती हैं या उन्हें इनके साथ प्रदान किया जा सकता है। हम तृतीय पक्षीय सेवाओं और सामग्री को नियंत्रित नहीं करते

हैं। आपको ऐसी तृतीय पक्षीय सेवाओं और सामग्री पर लागू होने वाले उपयोग की शर्तों से संबंधित समझौतों और गोपनीयता नीतियों को पढ़ लेना चाहिए।

यदि आप एक Apple iOS , Android  या Microsoft  Windows चालित उपकरण या Microsoft Xbox One का इस्तेमाल करके Disney सेवा तक पहुँचते हैं तो क्रमशः Apple Inc., Google Inc ., या Microsoft Corporation  इस अनुबंध का तृतीय पक्षीय लाभार्थी होगा। तथापि, ये तृतीय पक्षीय लाभार्थी इस अनुबंध का एक पक्ष नहीं है और Disney सेवाओं के प्रावधान या समर्थन के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। आप इस बात से सहमत हैं कि इन उपकरणों का इस्तेमाल करके Disney सेवाओं में आपकी पहुँच तृतीय पक्षीय लाभार्थी के लागू सेवा शर्तों में निर्धारित उपयोग की शर्तों के अधीन भी होगी।

मोबाइल नेटवर्क

जब आप एक मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से Disney सेवाओं तक पहुँचते हैं तो आपके नेटवर्क या रोमिंग प्रदाता के संदेशन, डेटा और अन्य दरें और शुल्क लागू होंगे। आपके नेटवर्क प्रदाता द्वारा कुछ खास Disney सेवाओं को डाउनलोड, इंस्टाल या इस्तेमाल करने से मना किया जा सकता है या उसे सीमित किया जा सकता है और आपके नेटवर्क प्रदाता या उपकरण के साथ सभी Disney सेवाएं काम नहीं कर सकती हैं।

## 3. आपकी सामग्री और खाता

उपयोगकर्ता सृजित सामग्री

Disney सेवाएं आपको पाठ, चित्र, ऑडियो, वीडियो, प्रतियोगिता प्रविष्टि या अन्य सामग्री ("उपयोगकर्ता सृजित सामग्री") को संचारित, प्रस्तुत, अपलोड करने या किसी अन्य प्रकार से उन्हें उपलब्ध कराने की अनुमति दे सकती हैं जिन तक जनता द्वारा पहुँचा और देखा जा सकता है। इन विशेषताओं तक पहुँच आयु प्रतिबंधों के अधीन हो सकती है। आप किसी ऐसी उपयोगकर्ता सृजित सामग्री को प्रस्तुत या अपलोड नहीं कर सकते हैं जो निंदात्मक, परेशानीदायक, धमकी भरा, पक्षपाती, घृणास्पद, हिंसक, भद्दा, घिनौना, अश्लील या किसी अन्य प्रकार से अपकारक हो या जो किसी व्यक्ति या संस्था को नुकसान पहुंचाता हो या नुकसान पहुंचा सकता हो चाहे इस तरह की सामग्री क़ानून द्वारा संरक्षित हो या न हो।

हम आपकी उपयोगकर्ता सृजित सामग्री पर स्वामित्व का दावा नहीं करते हैं; तथापि, आप हमें सभी कॉपीराइटों, ट्रेडमार्कों, पेटेंटों, व्यापार रहस्यों, गोपनीयता और प्रचार अधिकारों और अन्य बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के तहत इस तरह की उपयोगकर्ता सृजित सामग्री को, सम्पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से, अभी ज्ञात या बाद में पता चलने वाले (Disney सेवाओं और तृतीय पक्षीय साइटों और मंचों जैसे Facebook,

YouTube और Twitter संबंधी सहित), सभी मीडिया प्रारूपों में और चैनलों पर, समय, तरीके और उपयोग की बारंबारता की किसी सीमा के बिना और अनगिनत संख्या में, आपको अतिरिक्त नोटिस दिए बिना, मध्यस्थता के साथ या उसके बिना, और आपकी या किसी अन्य व्यक्ति या संस्था की अनुमति या भुगतान की आवश्यकता के बिना, इस्तेमाल करने, प्रतिलिपि तैयार करने, प्रसारित करने, मुद्रित करने, प्रकाशित करने, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने, प्रदर्शनी लगाने, वितरित करने, पुनर्वितरित करने, कॉपी करने, उन पर टिप्पणी करने, संशोधित करने, अनुकूलित करने, अनुवादित करने, उनके आधार पर व्युत्पादित रचनाओं का निर्माण करने, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करने, उपलब्ध कराने और किसी अन्य प्रकार से उन्हें अपने काम में लगाने के लिए एक गैर विशिष्ट, उपलाइसेंस योग्य, अप्रतिसंहरणीय और रॉयल्टी मुक्त विश्वव्यापी लाइसेंस प्रदान करते हैं।

आप इस बात का कथन करते हैं और आश्वासन देते हैं कि आपकी उपयोगकर्ता सृजित सामग्री इन शर्तों का पालन करती है और किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को कोई भुगतान देने की आवश्यकता के बिना, इन नियमों द्वारा अपेक्षित सभी तरीकों से अपने उपयोगकर्ता सृजित सामग्री का इस्तेमाल करने और अपने काम में लगाने, और दूसरों को उसका इस्तेमाल करने और अपने काम में लगाने का अधिकार देने के लिए, आपके पास उसका स्वामित्व है या आपके पास आवश्यक अधिकार और अनुमतियाँ हैं। आप इस बात से सहमत हैं कि आप हमारे द्वारा आपके उपयोगकर्ता सृजित सामग्री का इस्तेमाल करने और अपने काम में लगाने के सम्बन्ध में या उसके कारण तृतीय पक्ष द्वारा की जाने वाली किसी माँग, नुकसान, देयता, दावे या खर्च (वकील की फीस सहित) का मुआवजा देंगे और इन सबसे हमें और हमारी सहायक और हमसे जुड़ी कंपनियों, और उनके कर्मचारियों और अधिकारियों को हानिरहित रखेंगे। आप इस बात से भी सहमत हैं कि आप हमारे या हमारे लाइसेंस प्राप्तकर्ताओं, वितरकों, एजेंटों, प्रतिनिधियों और अन्य प्राधिकृत उपयोगकर्ताओं के खिलाफ उपयोगकर्ता सृजित सामग्री के लिए कोई नैतिक अधिकार, दासी अधिकार या इस तरह के किसी अन्य अधिकारों को लागू नहीं करेंगे।

जिस हद तक हम आपको उपयोगकर्ता सृजित सामग्री का निर्माण करने, उसे प्रकाशित करने, अपलोड करने, वितरित करने, सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने या सार्वजनिक प्रदर्शन करने का अधिकार देते हैं जिसके लिए हमारी कॉपीराइट रचनाओं के इस्तेमाल की जरूरत पड़ती है, हम आपको सामग्रियों का निर्माण करने के उद्देश्य से आवश्यक हमारी कॉपीराइट रचनाओं का इस्तेमाल करते हुए एक व्युत्पादित कार्य या रचना का निर्माण करने के लिए एक विशिष्ट लाइसेंस प्रदान करते हैं, बशर्ते इस तरह का लाइसेंस आपके द्वारा रचित रचना के सभी अधिकार आपके द्वारा हमें सौंपने पर आधारित होगा। यदि ऐसे अधिकार हमें नहीं सौंपे जाते हैं तो हमारी कॉपीराइट वाली रचनाओं का इस्तेमाल करके व्युत्पादित रचनाओं का निर्माण करने के लिए आपको दिया गया यह लाइसेंस शून्य और अमान्य होगा।

हमें उपयोगकर्ता सृजित सामग्री या किसी कारण से किसी भी समय, Disney सेवाओं के माध्यम से भेजे गये संचार पर नजर रखने, प्रदर्शन करने, प्रकाशित करने, हटाने, संशोधित करने, भंडारित करने और समीक्षा करने का अधिकार है लेकिन हम यह सब करने के लिए बाध्य नहीं है, जिसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि उपयोगकर्ता सृजित सामग्री या संचार, आपको पूर्व सूचना दिये बिना, इन नियमों का पालन करता है। हम उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रकाशित या भेजी गई राय, विचारों, सलाहों या सुझावों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, और उन्हें अनुमोदित नहीं करते हैं या उनकी गारंटी नहीं देते हैं।

## खाते

कुछ Disney सेवाएं आपको अतिरिक्त लाभों में भाग लेने या उन्हें प्राप्त करने के लिए एक खाते का निर्माण करने की अनुमति देती हैं या आवश्यक बनाती हैं। आप इस बात से सहमत हैं कि आप हमें सटीक, वर्तमान और पूरी जानकारी प्रदान करेंगे और उसे बनाये रखेंगे जिसमें हमारे द्वारा आपको भेजी जाने वाली सूचनाएं और अन्य संचार के लिए आपकी संपर्क जानकारी और आपके भुगतान की जानकारी भी शामिल है। आप इस बात से सहमत हैं कि आप किसी व्यक्ति या संस्था के साथ अपने सम्बन्ध को गलत ढंग से पेश नहीं करेंगे या उसका रूप या वेश धारण नहीं करेंगे, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति का उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड या अन्य खाता जानकारी, या किसी अन्य व्यक्ति का नाम या समानता शामिल हैं, या माता/पिता या अभिभावक के लिए झूठा विवरण प्रदान नहीं करेंगे। आप इस बात से सहमत हैं कि हम आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी की सटीकता की जाँच करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं, जिसमें एक माता/पिता या अभिभावक के लिए संपर्क जानकारी भी शामिल है।

हमने एक नीति अपनाई है और लागू की है जो कॉपीराइट का बार-बार उल्लंघन करने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों को उपयुक्त परिस्थितियों में समाप्त करने का प्रावधान करती है। इसके अलावा, यदि आप अवैध आचरण में लिप्त होते हैं, प्रोत्साहित करते हैं या हिमायत करते हैं, या यदि आप इन शर्तों या अन्य पूरक शर्तों का पालन करने में विफल रहते हैं तो हम आपका खाता और  Disney सेवाएं उपयोग करने की आपकी क्षमता को निलंबित या समाप्त कर सकते हैं।

## पासवर्ड और सुरक्षा

अपने उपयोगकर्तानाम और पासवर्ड की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने के लिए आप जिम्मेदार हैं और आपके खाते के अंतर्गत होने वाली उन सभी गतिविधियों, जिन्हें आप उचित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं, के लिए आप जिम्मेदार हैं। आप सहमत हैं कि अपने उपयोगकर्तानाम, पासवर्ड या अन्य खाता जानकारी के किसी भी अनधिकृत उपयोग याया आपके खाते या Disney सेवाओं से संबंधित सुरक्षा के अन्य किसी भी उल्लंघन का आपको पता चलता है तो आप तुरंत हमें उसकी सूचना देंगे।

आपकी जानकारी की सुरक्षा, अखंडता और गोपनीयता हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमने तकनीकी, प्रशासनिक और भौतिक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं जो आपकी जानकारी की अनधिकृत पहुँच, खुलासे, उपयोग और संशोधन से रक्षा करने के लिए बनाए गए हैं।

## 4. भुगतानशुदा लेन-देन

विक्रेता की पहचान

विक्रय Disney Interactive  द्वारा या यदि भिन्न हो तो विक्रय के समय पहचाने गए विक्रेता द्वारा किया जाता है। यदि अपने ऑर्डर के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया प्रदान किए गए पते पर विक्रेता से संपर्क करें और वे आपकी सहायता करेंगे। Disney सेवाओं पर कुछ स्टोरफ्रंट तीसरे पक्ष द्वारा संचालित किए जाते हैं और, उस मामले में, अलग या अतिरिक्त विक्रय शर्तें लागू हो सकती हैं, जो आपको प्रस्तुत की जाएं तो आपको उन्हें पढ़ना चाहिए।

डिज़िटल सामग्री और आभासी वस्तुएं

हम आपके लिए Disney सेवाओं पर उपलब्ध एकमुश्त शुल्क पर लाइसेंस वाले एप्लिकेशन, गेम, सॉफ़्टवेयर या अन्य डिज़िटल सामग्री उपलब्ध करा सकते हैं। Disney सेवा से ऐसी सामग्री तक पहुँच पाने के लिए लाइसेंस खरीदते समय, आपके लाइसेंस की खरीद पूर्ण करने से पहले Disney सेवा पर आपके लिए मूल्य प्रकट किया जाएगा।

एक आभासी वस्तु या खेल-की मुद्रा की खरीद Disney सेवा में ऐसी सामग्री या कार्यक्षमता का उपयोग और पहुँच प्राप्त करने के लिए एक सीमित, अहस्तांतरणीय लाइसेंस के लिए भुगतान है। खरीदी गई या  Disney सेवा में आपके पास उपलब्ध आभासी वस्तुओं (पात्रों और पात्र नामों सहित) या खेल-की मुद्रा का उपयोग उसी Disney सेवा के संबंध में किया जा सकता है जहाँ आपने उसे प्राप्त किया था या गेम खेलने के परिणामस्वरूप आपने विकसित किया था। ये वस्तुएं भुनाने योग्य या वापसी योग्य नहीं हैं और Disney सेवा के बाहर इनको पैसे के बदले या अन्य वस्तुओं के बदले बेचा नहीं जा सकता।  हम किसी भी समय आभासी वस्तुओं या खेल-की मुद्रा को परिवर्तित कर या रोक सकते हैं।

सदस्यता

कुछ  Disney सेवाओं तक पहुँच के लिए भुगतानशुदा सदस्यता की आवश्यकता होती है। सदस्यता के लिए साइन अप करके आप यह स्वीकार करते हैं कि आपकी सदस्यता स्वचालित रूप से नवीकृत होगी और जब तक आप अपनी सदस्यता रद्द नहीं कर देते, आप हमें नवीकृत अवधि के लिए आपकी भुगतान विधि से

वसूली करने के लिए प्राधिकृत करते हैं। जब तक कि आपको विक्रय के समय अन्यथा खुलासा न किया जाए, स्वतः-नवीकरण की अवधि उतनी ही होगी जितनी आपकी आरंभिक सदस्यता अवधि थी। नवीकरण की दर किसी प्रचारात्मक या रियायती मूल्य निर्धारण को छोड़ कर, तत्काल पूर्व वाली सदस्यता अवधि की दर से अधिक नहीं होगी, जब तक कि हम आपके स्वतः-नवीकरण से पूर्व आपको दर परिवर्तन की सूचना न दें। समय-समय पर, हम किसी Disney सेवा के लिए मुफ्त परीक्षण सदस्यता की पेशकश कर सकते हैं। यदि आप किसी मुफ्त परीक्षण सदस्यता के लिए पंजीकरण करते हैं, तो हम मुफ्त परीक्षण सदस्यता का समय समाप्त होते ही आपके खाते को बिल करना आरंभ कर देंगे, जब तक कि आप अपनी सदस्यता उस समय से पहले रद्द नहीं कर देते।

ऑर्डर प्रक्रिया

आपके पास अपने ऑर्डर, डिलीवरी पते (यदि लागू हो), भुगतान विधि और उत्पाद विवरणों की समीक्षा और पुष्टि करने का अवसर होगा। जब हम आपका ऑर्डर स्वीकार करेंगे तो हम आपको एक सूचना भेजेंगे और जिस समय हम सूचना भेजेंगे उसी समय हमारी स्वीकृति पूर्ण और सभी प्रयोजनों के लिए प्रभावी रूप से संचारित मानी जाएगी। ऐसे समय, एक विक्रय अनुबंध किया जाएगा जो आप और हम, दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा। जब संबंधित सामान वितरित किये जाते हैं तब आपके द्वारा खरीदे गए किसी सामान में हानि का जोखिम और उसका बीमा कराने की जिम्मेदारी आप पर आ जाती है।

हम वितरण से पहले किसी भी ऑर्डर को इंकार करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। आपका ऑर्डर रद्द किए जाने का कारण बनने वाली कुछ परिस्थितियों में प्रणाली या टंकण की त्रुटियां, उत्पाद या मूल्य निर्धारण या उत्पाद की उपलब्धता में अशुद्धियां, जब आपूर्ति सीमित हो तो ग्राहकों के बीच निष्पक्षता या हमारे क्रेडिट या धोखाधड़ी विभाग द्वारा पहचानी गई समस्याएं शामिल हैं। हमें किसी ऑर्डर को स्वीकार करने से पहले अतिरिक्त सत्यापन या जानकारी की आवश्यकता भी हो सकती है। यदि आपके ऑर्डर के किसी भाग को रद्द किया जाता है या आपका ऑर्डर स्वीकार करने के लिए अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता है तो हम आपसे संपर्क करेंगे। यदि हमारे द्वारा आपका भुगतान संसाधित करने के बाद किंतु वितरण से पहले आपका ऑर्डर रद्द किया जाता है तो हम आपका भुगतान वापस करेंगे।

भुगतान और बिलिंग

जब आप भुगतान जानकारी प्रदान करते हैं, आप कथन करते हैं और जिम्मेदारी लेते हैं कि जानकारी सटीक है, कि आप प्रदान की गई भुगतान विधि का उपयोग करने के लिए प्राधिकृत हैं, और कि आप हमें भुगतान जानकारी में परिवर्तन की सूचना देंगे। क्रेडिट कार्डों पर वर्तमान समय समाप्ति तिथियां प्राप्त

करने के लिए हम तृतीय पक्ष क्रेडिट कार्ड अद्यतन सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

रद्दकरण का अधिकार; माल की वापसी

जब आप किसी Disney सेवा की सदस्यता लेते हैं, आपके पास आपके द्वारा इन शर्तों की प्राप्ति और स्वीकृति से चौदह (14) दिन के भीतर अपने अनुबंध को रद्द करने का अधिकार है और आपको भुगतान किया गया सदस्यता शुल्क वापस मिल जाएगा। अर्द्ध-वार्षिक या वार्षिक सदस्यता के लिए, यदि सूचना आरंभिक बिलिंग के पहले दिन के बाद पहले तीस (30) दिनों के भीतर रद्दकरण सूचना प्राप्त हो जाती है, तो आपको भुगतान किया गया सदस्यता शुल्क वापस मिल जाएगा।यदि हम आपका सदस्यता शुल्क वापस कर देते हैं, तो आप अभी भी अन्य शुल्कों का भुगतान करने के लिए बाध्य होंगे।

डिज़िटल सामग्री या आभासी वस्तुओं तक पहुँच के लिए लाइसेंस खरीदते समय, आपको खरीद के समय डिलीवरी प्राप्त करने को सहमत होने का अवसर दिया जाएगा। डिलीवरी के लिए सहमति देकर, आप स्वीकार करते हैं कि आपने रद्द करने का अधिकार खो दिया है और लाइसेंस की खरीद का शुल्क अप्रतिदेय है।

-

आपके द्वारा भौतिक सामान प्राप्त किए जाने की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर आपके साथ हमारे अनुबंध को रद्द करने और सामान वापस करने का आपको अधिकार है। यह अधिकार ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग, कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर और सीडी, डीवीडी या अन्य भौतिक मीडिया जिसकी सील तोड़ दी गई है सहित या Disney सेवाओं पर हमारे द्वारा गैर-वापसी योग्य बताए गए माल पर लागू नहीं होता है। यदि आप ऐसे माल को वापस कर रहे हैं जो खराब नहीं है, तो आपको हमें माल को वापस करने की लागत का भुगतान करना पड़ सकता है और यदि आप माल का उपयोग करते हैं तो हम कोई उचित राशि काट सकते हैं।

यदि आप रद्द करना चाहते हैं, तो आप विशिष्ट Disney सेवा के लिए रद्दकरण अनुदेशों का पालन करके ऐसा कर सकते हैं। एक नमूना रद्दकरणफॉर्मयहाँलिंक उपलब्ध है।

वैयक्तीकृत सामान

कृपया ध्यान रखें कि रद्दकरण और वापसी के अधिकार वैयक्तीकृत सामानों पर लागू नहीं होते हैं। एक बार अपना ऑर्डर प्रस्तुत कर देने के बाद वैयक्तीकृत सामान का रद्दकरण या परिवर्तन नहीं किया जा सकता

और जब तक कि कोई निर्माण त्रुटि या उत्पाद दोष न हो वैयक्तीकृत सामान वापस नहीं किया जा सकता। हम वैयक्तीकृत ऑर्डरों को अपने विवेकानुसार अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। हमारी वैयक्तीकृत सेवा के अनुपयुक्त उपयोग के कारण आपका ऑर्डर रद्द हो सकता है और कोई भी भुगतान वापस किया जा सकता है।

<u>मूल्यनिर्धारण; टैक्स</u>

हम हमारे द्वारा पेश किये जाने वाले उत्पादों और सेवाओं के लिए मूल्य निर्धारण में संशोधन कर सकते हैं। यदि आप किसी Disney सेवा के लिए आवधिक सदस्यता शुल्क का भुगतान करते हैं, तो हम आपको शुल्कों में परिवर्तनों या बिलिंग विधियों की उचित सूचना उनकी प्रभावी तिथि से पहले प्रदान करेंगे और आप ऐसे परिवर्तनों से पहले अपनी सदस्यता रद्द करने में सफल हो सकेंगे। जब आप अपना ऑर्डर देते हैं, हम टैक्स का अनुमान लगाते हैं और उस अनुमान को आपकी सुविधा के लिए योग में शामिल कर लेते हैं। आपके ऑर्डर पर लागू होने वाली और आपकी भुगतान विधि पर वसूली जाने वाली वास्तविक टैक्स राशि वह होगी जिसकी शिपमेंट की तिथि को गणना की जाएगी, इस बात की परवाह किए बिना कि ऑर्डर किस तिथि को दिया गया था।

<u>अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग; सीमा शुल्क</u>

विक्रेता जिस देश में स्थित है उस देश के अलावा किसी अन्य देश में वितरण के लिए ऑर्डर देते समय, आपको आयात करों और लगाए गए करों का भुगतान करना पड़ सकता है। इनके अलावा सीमा शुल्क क्लियरेंस के लिए किसी अतिरिक्त शुल्क को आपको वहन करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय रूप से शिप किए गए सामान के लिए, कृपया ध्यान दें कि कोई निर्माता वारंटी मान्य नहीं होगी; निर्माता सेवा विकल्प उपलब्ध नहीं हो सकते हैं; नियमावलियाँ, निर्देश और सुरक्षा चेतावनियाँ गंतव्य देश की भाषा में नहीं हो सकती हैं; सामान और साथ की सामग्री हो सकता है गंतव्य देश के मानकों, विनिर्देशों और लेबलीकरण आवश्यकता के अनुसार डिज़ाइन न की गई हो; और सामान गंतव्य देश की वोल्टेज ( एक एडैप्टर या कन्वर्टर की आवश्यकता पड़ सकती है) के अनुरूप नहीं हो सकता है। यह आश्वासन देने के लिए कि गंतव्य देश में सामान को कानूनी रूप से आयात किया जा सकता है आप जिम्मेदार होंगे । हमें ऑर्डर देते समय, प्राप्तकर्ता रिकॉर्ड का आयातकर्ता है और उसे गंतव्य देश के सभी कानूनों और विनियमों का पालन करना होगा।

## 5. प्रतियोगिताएं

आप डिज़्नी सेवा पर जिन प्रतियोगिताओं में प्रवेश करते हैं, हो सकता है उसके कुछ पूरक नियम और शर्तें हों, लेकिन निम्नलिखित सामान्य नियम प्रतियोगिता के लिए किसी पूरक नियम या शर्त में विपरीत शर्तों कीअनुपस्थितिमेंलागू होते हैं।

प्रविष्टियां

आपकी प्रतियोगिता प्रविष्टि एक उपयोगकर्ता जनित सामग्री है जो आपकी उपयोगकर्ता जनित सामग्री के हमारे द्वारा उपयोग और आपकी प्रस्तुति को नियंत्रित करने वाली इन शर्तों के सभी प्रावधानों के अधीन होगी। हम सविलंब, गलत निर्देशित, अपूर्ण, भ्रष्ट, गुम, अपठनीय या अमान्य या जहाँ उचित पैतृक सहमति प्रदान नहीं की गई थी, प्रविष्टियों को अयोग्य करार दे सकते हैं। प्रतियोगिता प्रविष्टियां एक व्यक्ति तक सीमित रहती हैं और एजेंटों या तृतीय पक्षों के माध्यम से प्रविष्टियों या एकाधिक पहचानों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। स्वचालित प्रविष्टियों, मतों या अन्य कार्यक्रमों का उपयोग वर्जित है और ऐसी सभी प्रविष्टियों (या मतों) को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

हम किसी प्रतियोगिता को संशोधित, निलंबित, रद्द या समाप्त करने या प्रविष्टि अवधि को विस्तारित या पुनः प्रारंभ करने या किसी प्रतिभागी या प्रविष्टि को बिना कोई अग्रिम सूचना दिए अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। हम ऐसा तभी करेंगे जब प्रतियोगिता के निष्पक्ष रूप से या तकनीकी, विधिक या अन्य कारणों से सही ढंग से चलने की गारंटी नहीं दी जा सकती है या हमें संदेह है कि किसी व्यक्ति ने प्रविष्टियों या परिणामों के साथ छेड़छाड़ की है, गलत जानकारी दी है, या अनैतिक रूप से कार्य किया है। यदि हम किसी प्रतियोगिता को रद्द या समाप्त करते हैं, तो हम जिस प्रकार निष्पक्ष और प्रतियोगिता को शासित करने वाले स्थानीय कानूनों के संगत उपयुक्त समझें पुरस्कार प्रदान किए जा सकते हैं।

पात्रता

किसी प्रतियोगिता में प्रवेश करने के लिए, आपको Disney सेवा का एक पंजीकृत उपयोगकर्ता होना और वर्तमान संपर्क जानकारी के साथ आपका एक सक्रिय खाता रखना आवश्यक है। किसी प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए कोई खरीद आवश्यक नहीं है और कोई खरीद आपके जीतने के अवसरों में वृद्धि नहीं करेगी। प्रतियोगिताएं हमारे कर्मचारियों (या उनके निकटतम परिवारों) या प्रतियोगिता से व्यावसायिक रूप से जुड़े अन्य किसी भी व्यक्ति के लिए खुली नहीं हैं। यदि आपकी आयु 18 (या लागू कानून के अंतर्गत वयस्कता की आयु) से कम है और प्रतियोगिता आपके लिए खुली हुई है, तो हमें आपकी प्रविष्टि को

स्वीकार करने से पहले आपके माता-पिता या अभिभावक से सहमति लेनी पड़ सकती है। हम पहचान का साक्ष्य या पात्रता शर्तों और संभावित विजयी प्रविष्टियों का सत्यापन करने का अनुरोध करने और विजेता को व्यक्तिगत रूप से कोई भी पुरस्कार प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। जहाँ कानून द्वारा वर्जित या प्रतिबंधित हों, वहां प्रतियोगिताएं निष्प्रभावी होंगी। जहाँ संभावित विजेता ऐसे अधिकार क्षेत्र के निवासी हैं जहाँ प्रतियोगिताओं के लिए कौशल के तत्व की आवश्यकता होती है, वहाँ उनको पुरस्कार जीतने के योग्य बनने के लिए एक गणितीय परीक्षण का उत्तर देना पड़ सकता है।

<u>पुरस्कार</u>

कोई नकद या वैकल्पिक पुरस्कार उपलब्ध नहीं है, सिवाय इसके कि हम (या पुरस्कार देने वाला पक्ष) बराबर या अधिक मूल्य के किसी समान पुरस्कार से प्रतिस्थापित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। विजेताओं द्वारा पुरस्कारों को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता (सिवाय किसी बच्चे को या अन्य पारिवारिक सदस्य को) या बेचा नहीं जा सकता। केवल प्रतियोगिता के लिए बताए गए पुरस्कार ही जीतने के लिए उपलब्ध हैं और सभी पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे, बशर्ते कि पर्याप्त संख्या में योग्य प्रविष्टियां प्राप्त होती हैं और प्रतियोगिता के संबंध में निर्धारित तिथि तक मान्य रूप से पुरस्कार का दावा किया जाता है, जिसके बाद किसी वैकल्पिक विजेता को नहीं चुना जाएगा या दावा न किए गए किसी पुरस्कार को वितरित नहीं किया जाएगा। जब तक प्रविष्टि से पहले पुरस्कार विवरण में अन्यथा प्रकट न किया गया हो, किसी पुरस्कार का दावा करने से संबद्ध सभी लागतों और खर्चों के लिए विजेता जिम्मेदार होंगे। सभी टैक्स पूरी तरह से प्रत्येक विजेता की जिम्मेदारी हैं, यद्यपि हम लागू टैक्सों को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और हर विजेता आवश्यक टैक्स फ़ॉर्म भरने के लिए सहमति देता है।

आपके द्वारा पुरस्कार की स्वीकार्यता, प्रतियोगिता से संबंधित तर्कसंगत प्रचार में भागीदारी हेतु अनुबंध निर्मित करती है तथा हमें आपका नाम, कस्बा या नगर एवं राज्य, प्रान्त या देश, अभिरुचियां, पुरस्कार जानकारी, तथा आपके द्वारा प्रतियोगिता के बारे में दिए गए वक्तव्यों को प्रचार, विज्ञापन तथा प्रोमोशनल उद्देश्यों से प्रयोग करने के लिए लागू कानूनों और विनियमों की अनुपालना में तथा बिना अतिरिक्त अनुमति या मुआवज़े के निःशर्त अधिकार प्रदान करती है। पुरस्कार प्राप्त करने की शर्त के रूप में, विजेताओं (या उनके माता-पिता या अभिभावकों) से पात्रता, देयता विमोचन तथा प्रचार विमोचन का शपथपत्र हस्ताक्षरित करके जमा करने की अपेक्षा की जा सकती है।

## 6. अतिरिक्त प्रावधान

<u>विधेयता (प्रस्तुतिकरण) तथा अप्रार्थित विचार नीतियां</u>

हमारी कंपनी की स्थायी नीति, हमें अप्रार्थित रचनात्मक विचारों, सुझावों या सामग्रियों को स्वीकार करने या उन पर विचार करने की अनुमति नहीं प्रदान करती है। जो कुछ भी आपकी ओर से हमारे समक्ष प्रस्तुत किया जाए उसके संदर्भ में – चाहे हमारे द्वारा उसका आग्रह किया गया हो अथवा नहीं – आप सहमति प्रदान करेंगे कि आपके द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक विचार, सुझाव या अन्य सामग्रियां विश्वास्यता या विश्वासपात्रता में नहीं हैं और आपके व हमारे बीच कोई गोपनीय या वैश्वासिक संबंध प्रवृत्त या निर्मित नहीं होगा, और यह कि आपको किसी प्रकार के पुनरीक्षण, मुआवज़े या प्रतिफल की प्रत्याशा नहीं होगी।

कॉपीराइट उल्लंघन के दावे

कॉपीराइट उल्लंघन के दावों की सूचनाएं तथा जवाबी सूचनाएं हमारे निर्धारित एजेंट के पास ही भेजी जानी चाहिएः

TWDC Designated Agent
The Walt Disney Company
500 South Buena Vista Street
Burbank, California 91521, USA

फोन: +1 818-560-1000

फैक्स: +1 818-560-4299

ईमेल: designated.agent@dig.twdc.com

हम केवल उन्हीं भाषाओं में नोटिस स्वीकार करने में सक्षम हैं जिन भाषाओं में ये शर्तें हमारे द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं।

हम 1988 के यू. एस. डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट एक्ट (“DMCA”) या, जहाँ लागू हो, अन्य कानूनों के अनुसार Disney सेवाओं का उपयोग करते समय किए गए कॉपीराइट उल्लंघनों के दावों पर शीघ्रता से अनुक्रिया करेंगे जिन्हें ऊपर पहचाने गए नामित कॉपीराइट एजेंट को सूचित किया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित Disney सेवाओं के संबंध में, इन सूचनाओं में डीएमसीए में प्रस्तुत की गई और यहाँलिंक विस्तार से वर्णित आवश्यक जानकारी शामिल होनी चाहिए।

बाध्यकारी विवाचन तथा वर्गीय कार्यवाही का अधित्याग

आप तथा Disney Interactive , हमारे बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रवर्तन से संबंधित विवादों को छोड़कर हमारे बीच सभी विवादों के विवाचन हेतु सहमत हैं। विवाद का आशय आपके व हमारे बीच किसी विवाद, कार्यवाही या अन्य वितर्क से है जो Disney सेवाओं या इन शर्तों के संबंध में किसी संविदा, अपकार, वारंटी, संविधि या विनियम, या अन्य कानूनी या न्यायोचित आधार पर हो।आप और Disney

Interactiveविवाचनकर्ताको किसी भी विवाद के विवाचन और किसी भी दावे, कि ये सभी शर्तें या उनका कोई भाग अमान्य है या अमान्य करने योग्य है,के सहित, इन शर्तों या इस अनुबंध की रचना की व्याख्या, अनुप्रयोगनीयता या प्रवर्तनीयता से संबंधित किसी भी विवाद को हल करने का विशिष्ट प्राधिकरण प्रदान करते हैं।

किसी विवाद की स्थिति में, आप या Disney Interactive , दूसरे पक्ष को विवाद का एक नोटिस अवश्य प्रेषित करेंगे जो एक लिखित वक्तव्य होगा जिसमें नोटिस देने वाले पक्ष का नाम, पता और संपर्क जानकारी, विवाद उत्पन्न करने वाले तथ्य, तथा वांछित राहत का जिक्र किया गया होगा। आपको विवाद का कोई नोटिस Disney Interactive, 500 South Buena Vista Street, Burbank, California 91521, USA के पते पर ही भेजना होगा, ध्यान दें: कानूनी/विवाचन नोटिस हम आपको विवाद का कोई भी नोटिस, हमारे पास उपलब्ध आपकी संपर्क जानकारी के अनुसार आपके पते पर भेजेंगे। आप तथा Disney Interactive , विवाद का नोटिस भेजे जाने की तिथि से साठ (60) दिनों के अंदर अनौपचारिक वार्ता द्वारा विवाद सुलझाने का प्रयास करेंगे। साठ (60) दिनों के बाद, आप या हम विवाचन आरंभ कर सकेंगे। आप किसी विवाद के संबंध में छोटे दावों वाले न्यायालय में भी कार्यवाही शुरू कर सकते हैं यदि विवाद, छोटे दावों वाले न्यायालय में सुनवाई की अपेक्षाएं पूरी करता है, चाहे आपने पहले अनौपचारिक वार्ता की हो अथवा नहीं।

यदि आप तथा Disney Interactive  किसी विवाद को अनौपचारिक वार्ता या छोटे दावों वाले न्यायालय में नहीं सुलझा पाते हैं, तो विवाद सुलझाने का कोई भी प्रयास विशिष्ट रूप से बाध्यकारी विवाचन के अंतर्गत ही किया जाएगा। आप किसी न्यायाधीश या जूरी के समक्ष न्यायालय में विवाद की मुकदमा कार्यवाही के अधिकार का त्याग करते हैं। इसके बजाय, सभी विवाद किसी निष्पक्ष विवाचक के समक्ष सुलझाए जाएंगे जिसका निर्णय, अमेरिकी संघीय विवाचन अधिनियम के अंतर्गत अपील के सीमित अधिकार के सिवाय अंतिम रूप से मान्य होगा। अमेरिकन ऑर्बिट्रेशन एसोसिएशन ("AAA") द्वारा विवाचन इसके वाणिज्यिक विवाचन नियमों, तथा उपभोक्ता संबंधी विवादों हेतु इसकी संपूरक प्रक्रियाओं के अंतर्गत किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए www.adr.org देखें या संयुक्त राज्य अमेरिका में 800-778-7879 पर कॉल करें। विवाचन व्यक्तिगत रूप से, दस्तावेज़ प्रस्तुत करके, फोन द्वारा या ऑनलाइन किया जा सकेगा। विवाचक आपको किसी न्यायालय के समान क्षति अधिनिर्णय प्रदान कर सकता है, जिसमें घोषणात्मक या विध्यर्थक राहत शामिल है, लेकिन यह आपके व्यक्तिगत दावे की संतुष्टि हेतु आवश्यक सीमा तक ही होगा।

विवाचक द्वारा विवाचन निरर्थक, या किसी अनुचित प्रयोजन से उठाया गया न पाए जाने तक Disney Interactive  सभी फाइलिंग, AAA, तथा विवाचक की फीस और व्ययों का भुगतान करेंगे। यदि विवाचक आपको कोई ऐसा अधिनिर्णय प्रदान करता है जो किसी विवाचक के चयन से पहले हमारे अंतिम लिखित

निबटान/राजीनामा प्रस्ताव के मूल्य से अधिक है (या यदि हमने किसी विवाचक के चयन से पहले कोई निबटान/राजीनामा प्रस्ताव नहीं किया था) तो हम आपको अधिनिर्णय या 1,000 अमेरिकी डॉलर में से जो भी अधिक हो, की राशि का भुगतान करेंगे तथा आपके अधिवक्ता (अटार्नी) को, यदि कोई हो, भुगतान करेंगे, अटर्नी की फीस की राशि, तथा किन्हीं व्ययों (विशेषज्ञ गवाह की फीस तथा खर्च शामिल) की प्रतिपूर्ति करेंगे जो आप या आपके अटार्नी द्वारा आपके विवाचन दावे की जांच, तैयारी तथा कार्यवाही हेतु तर्कसंगत रूप से वहन किए गए हों। आपके व हमारे बीच किसी गैर-निरर्थक विवाचन के संदर्भ में हम अटार्नी की फीस और व्ययों के अधिनिर्णय की मांग के अधिकार का त्याग करते हैं।

यदि आप संयुक्त राज्य (अमेरिका) के निवासी हैं, तो विवाचन आपके लिए सुविधाजनक किसी उपयुक्त स्थल पर किया जाएगा। संयुक्त राज्य (अमेरिका) से बाहर के निवासियों के लिए विवाचन मैनहटन बरो, न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाएगा तथा आप एवं Disney Interactive वहां स्थित संघीय या राज्य न्यायालयों के निजी क्षेत्राधिकार में विवाचन कार्यवाही कराने, लम्बित विवाचन कार्यवाही कराने, या विवाचक द्वारा दिए गए अधिनिर्णय पर न्यायिक निर्णय की पुष्टि, संशोधन, रद्द कराने या पारित कराने की कार्यवाही हेतु दाखिल करने के लिए सहमति प्रदान करते हैं।

किसी फोरम में किसी विवाद को सुलझाने की या मुकदमे की कार्यवाहियां व्यक्तिगत आधार पर की जाएंगी। न तो आप और न ही Disney Interactive किसी विवाद को वर्गीय कार्यवाही, प्राइवेट अटार्नी जनरल कार्यवाही, या किसी अन्य ऐसी न्यायिक कार्यवाही के रूप में सुने जाने की मांग करेंगे जिसमें कोई पक्ष प्रतिनिधित्व क्षमता के साथ कार्य करता है या इस प्रकार कार्य करने का प्रस्ताव करता है। कोई भी विवाचन या कानूनी कार्यवाही, विवाचन या कानूनी कार्यवाही हेतु सभी पक्षों की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी अन्य से संयुक्त नहीं की जा सकती है। यदि वर्गीय कार्यवाही अधित्याग, किसी समग्र विवाद या इसके किसी भाग के रूप में गैरकानूनी या अप्रवर्तनीय पाया जाए तो उन भागों को पृथक करके किसी सक्षम न्यायालय में कार्यवाही की जाएगी, जबकि शेष भागों पर विवाचन कार्यवाही की जाएगी।

फोरमकाचुनाव

आप सहमत हैं कि इन शर्तों या Disney सेवाओं से कानून में अथवा स्वाभाविक न्याय में उठने वाली या उनसे संबधितकिसी भी कार्रवाई जो विवाचनका विषय नहीं है को केवल, और वह स्थान उचित रूप से वहीं होगा, बरो ऑफ मैनहटन, न्यूयॉर्क, न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित सरकारी या संघीय अदालतों में ही दायर की जाएगी और ऐसी कार्रवाई पर मुकदमा चलाने के उद्देश्य से ऐसी अदालतों के निजी क्षेत्राधिकार के लिए आप सहमति प्रदान और स्वीकार करते हैं।

कानूनकाचुनाव

ये शर्तें कानूनी सिद्धांतों के बीच कोई आपसी टकराव उत्पन्न किए बिना, न्यूयॉर्क राज्य के कानूनों और संयुक्त राज्य अमेरिका के कानूनों द्वारा प्रशासित और उनके अनुसार व्याख्यायित हैं।

विभाजनीयता

यदि इन शर्तों के कोई प्रावधान गैरकानूनी, रद्द या किसी कारण से अप्रवर्तनीय पाए जाएं, तो वे प्रावधान इन शर्तों से पृथक करने योग्य माने जाएंगे तथा किन्हीं अवशेष प्रावधानों की वैधता तथा प्रवर्तनीयता को प्रभावित नहीं करेंगे।

अतिजीविता

इन शर्तों के ऐसे प्रावधान जो अपनी प्रकृति के अनुसार इन शर्तों की समाप्ति पर अतिजीवित रहने योग्य हों, वे ऐसे समापन के पश्चात् अतिजीवित रहेंगे।

अधित्याग

हमारे द्वारा इन शर्तों के किन्हीं प्रावधानों का अधित्याग किया जाना, ऐसे प्रावधान या किसी अन्य प्रावधान का आगामी या निरंतर अधित्याग नहीं माना जाएगा और इन शर्तों के अंतर्गत किसी अधिकार या प्रावधान को प्रवर्तित करने में हमारी विफलता को, ऐसे अधिकार या प्रावधान का अधित्याग किया जाना नहीं माना जाएगा।